# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर – 342001

email- jdajodhpur@yahoo.com वेब-साईट jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/2656355-7 Fax 021-2612086


क्रमांक / टीसीबी / 2016 / 218

दिनांक :: 02 अगस्त 2016

## बैठक कार्यवाही विवरण

जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की बैठक दिनांक 29 जुलाई, 2016 को दोपहर 3.00 बजे श्री कैलाशचन्द्र मीणा, आई.ए.एस., जोधपुर विकास आयुक्त एवं अध्यक्ष, जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की अध्यक्षता में प्राधिकरण स्थित कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची परिशिष्ट–1 पर संलग्न है।

**प्रस्ताव संख्या 1 :: गत बैठक दिनांक 17 जून, 2016 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि**

जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की गत बैठक दिनांक 17 जून, 2016 का कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ प्रस्तुत हुआ। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से गत बैठक दिनांक 17 जून, 2016 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में गत बैठव दिनांक 17 जून, 2016 में दिये गये निर्देशों की पालना के संबंध में पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर के पत्र य.2( )जोध / पु.उपा. / याता / 2016 / 5147 दिनांक 28.07.2016 पर चर्चा की गयी। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से पत्र के क्रम में बिन्दुवार निम्नलिखित निर्णय / निर्देश प्रदान करने का निर्णय लिया गया:–

| पत्र का क्रम संख्या | निर्णय / निर्देश |
|---|---|
| 1– | दाऊजी की होटल तिराहा से एम्स तिराहा तक अधिशाषी अभियन्ता नगर निगम, अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग, जिला परिवहन अधिकारी द्वारा मौका देखा जाकर किसी तकनीकी (एक्सपर्ट) को दिखाया जाकर प्लान कशा चौराहा का बनाया जाकर व्यवस्था करने का सुझाव दिया है। अतः इस संबंध मे अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर को इस हेतु रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निवेदन करने का निर्णय लिया गया। |
| 2– | पावटा सी रोड पर रजवाडा मार्बल गौदाम के आगे आरटीओ कार्यालय की तरफ, भदवासिया फल सब्जी मण्डी के पास एवं माचिया जैविक पार्क कायलाना रोड पर ऑटो रिक्शा स्टेण्ड निर्धारण करने एवं ऑटो रिक्शा स्टेण्ड निरस्त करने की आवश्यकता के संबंध में शहर में सिटी बस / ऑटोरिक्शा स्टेण्ड के संबंध में गठित कमेटी दिनांक 2 अगस्त, 2016 को प्रातः 9.30 बजे प्राधिकरण कार्यालय उपस्थित होकर कार्यालय से गन्तव्य स्थानों का विजिट कर अपनी रिपोर्ट दें। |
| 3– | तारघर तिराहे पर लगी घुमटी पर सिग्नल लाईट को शिफ्ट करने की कार्यवाही करें। |
| 4– | सेक्सन–7 से डीजल शेड होते हुए एम्स तिराहा तक सडक के मध्य डिवाईडर निर्माण, पीली टंकी पाली रोड के पास रोड कट् हेतु तकनीकी परीक्षण व आखलिया चौराहा से बोम्बे मोटर्स तक मौका निरीक्षण हेतु व अवैध कट्स को बंद करने के संबंध में निर्णय लेने हेतु पूर्व बैठक में गठित कमेटी दिनांक 2 अगस्त, 2016 को प्रातः 9.30 बजे प्राधिकरण कार्यालय उपस्थित होकर प्राधिकरण कार्यालय से गन्तव्य स्थलों मौका निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। |

| | |
|---|---|
| 5– | कार्यवाही अपेक्षित नहीं। |
| 6– | इस संबंध में श्री शिवराम सोनी, सहायक अभियन्ता, प्राधिकरण ने अवगत कराया कि गति सीमा के बोर्ड लगाने हेतु निविदा जारी की जा चुकी है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि इस संबंध में प्रस्ताव प्राप्त हुए है। जिसके अनुसार गति सीमा के बोर्ड लगाने पर लगभग 50.00 लाख रूपये व्यय होने की संभावना है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि उक्त बोर्ड यातायात निरीक्षक के सुझाव अनुसार हो बोर्ड लगाये जावे तथा भुगतान से पहले यातायात निरीक्षक से इस आशय का प्रमाण–पत्र लिया जावे कि लगाये गये बोर्ड यातायात को किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं करते है, के आधार पर भुगतान की कार्यवाही की जावे। राष्ट्रीय राजमार्ग के अलावा शेष सडकों पर भी गति सीमा बोर्ड लगाये जावे। |
| 7– | कार्यवाही अपेक्षित नहीं। |
| 8– | बैठक में अवगत कराया गया कि इस संबंध में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। |
| 9– | बैठक में अवगत कराया कि पत्र में वर्णित स्थलों पर पार्किंग स्थल/जेब्रा लाईन लगायी जा चुकी है। |
| 10– | कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। |
| 11– | इस संबंध में पुनः आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को निर्देशित करने का निर्णय लिया गया। |
| 12– | इस संबंध में पुनः आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को निर्देशित करने का निर्णय लिया गया। |
| 13– | बैठक में अवगत कराया गया कि इस संबंध में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। |

**प्रस्ताव संख्या 2 :: श्री महेश मेहता, सचिव, बख्तसागर (नेहरू पार्क) नागरिक मण्डल के पत्र के संबंध में।**

गत बैठक दिनांक 11 मार्च 2016 के प्रस्ताव संख्या 4 मे लिये गये निर्णयानुसार श्री महेश मेहता, सचिव, बख्तसागर (नेहरू पार्क) नागरिक मण्डल ने पत्र में वर्णित किया है कि नेहरू पार्क के पास मोड पर तिराहा है। उक्त तिराहा से मथुरादास माथुर अस्पताल व इण्डस्ट्रीयल एरिया से जुडा होने के कारण प्रतिदिन हजारों गाडियां इस तिराहा से निकलती है। परन्तु यह तिराहा इतने भारी ट्राफिक के लिए सुव्यवस्थित नहीं है जिसके कारण कई दुर्घटनाएं होती रहती है। जिसमें से एक दुर्घटना 28 जनवरी, 2016 को श्री रमन धारीवाल पुत्र जोहरीमल धारीवाल (व्यवसायी) की मृत्यु हो गयी थी। ट्राफिक के हिसाब से सुरक्षित व सुव्यवस्थित बनाने हेतु तिराहा के तीनों तरफ 50 फीट तक डिवाईडर बनाया जावे और बीच में एक गुमटी की व्यवस्था की जावे। डॉ. मदन डागा रोड पर बीचो–बीच एक बिजली का पोल लगाया हुआ है। जिसे हटवाकर रोड के किनारे करवाने की व्यवस्था करावें। बैठक में श्री मेहता के पत्र के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपायुक्त–यातायात पुलिस द्वारा अवगत कराया गया कि इस क्षेत्र में वहां के निवासियों द्वारा लगभग 30 – 30 फीट सडक के मार्गाधिकार में चबूतरियां आदि बनाकर अतिक्रमण कर रखा है। जिसे नगर निगम द्वारा हटवाया जावे तत्पश्चात् ही डिवाईडर के संबंध में निर्णय लिया जाना उचित होगा। बैठक में विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया कि नगर निगम के अधिकारी पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस संबंध में निर्णय लेंगे। इसी प्रकार सडक के बीचों–बीच बिजली के खम्भे को हटाने की कार्यवाही जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा किये जाने का निर्णय लिया गया।

प्रकरण बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत हुआ। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से इस क्षेत्र के निवासियों द्वारा लगभग 30 – 30 फीट सडक के मार्गाधिकार में चबूतरियां आदि बनाकर किये गये अतिक्रमण को हटाने हेतु बैठक में उपस्थित अधिशाषी अभियन्ता, नगर निगम, जोधपुर व आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को निर्देशित करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 3 :: कार्यालय पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर के पत्र कमांक य 2 ( ) जोध/ पु.उपा./यातायात/ 2015/ 6058 दिनांक 1 दिसम्बर, 2015 के संबंध में।**

गत बैठक दिनांक 11 मार्च 2016 के प्रस्ताव संख्या 12 मे लिये गये निर्णयानुसार कार्यालय पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर के पत्र कमांक य 2 ( ) जोध/ पु. उपा./यातायात/ 2015/ 6058 दिनांक 1 दिसम्बर, 2015 प्राप्त हुआ। जिसमें उल्लेख किया गया है कि सिटी बस शैल्टर की अनुपयोगिता हेतु जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर द्वारा शहर में संचालित नगरीय परिवहन बसों के ठहराव स्थल एवं यात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर शैल्टर्स का निर्माण करवाया गया था, इसी कम में महात्मा गांधी अस्पताल के बाहर दीवार के पास सिटीबस शैल्टर का भी निर्माण करवाया गया था जबकि पुरी तिराहा से एम0जी0एच0 रोड होते हुए जालोरीगेट की तरफ किसी भी नगरीय बस का संचालन नहीं हो रहा है, जो वर्तमान में किसी उपयोग का नहीं है जिसके सामने आस–पास के व्यक्तियों द्वारा अपने निजी वाहनों को पार्किंग कर दिया जा रहा है, जो सुचारू यातायात संचालन में बाधक है जिसे हटाने की कार्यवाही करने का उल्लेख किया है । बैठक में विचार विमर्श के दौरान नगर निगम द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त कार्य जे0बी0एस0एल0 पी0पी0पी0 मॉडल पर करवाने की कार्यवाही प्रकियाधीन है। बैठक में बाद विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया कि उक्त कार्य जोधपुर बस सर्विस लिमिटेड (जे0बी0एस0एल0) द्वारा पूर्व मं ही प्रक्रियाधीन है। अतः तद्नुसार कार्यवाही की जाए।

प्रकरण बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत हुआ। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से यहाँ स्थित यूनीपोल को हटाने हेतु आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को निर्देशित करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 4 :: कमला नेहरू महिला महाविद्यालय के सामने बस सैल्टर हटाने बाबत।**

गत बैठक दिनांक 17 मई 2016 के प्रस्ताव संख्या 12 मे लिये गये निर्णयानुसार बैठक में कमला नेहरू महिला महाविद्यालय के सामने बस सैल्टर (जो कि राईकाबाग फुटओवरब्रिज के समीप स्थित है) को अन्यत्र शिफ्ट करने के संबंध में बैठक में प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत हुआ। बैठक में विचार विमर्श के दौरान उपस्थित श्री विकास शर्मा, उपायुक्त पुलिस (मुख्यालय एवं यातायात) जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने अवगत कराया गया कि उक्त स्थान को 2 बसों (निजी बसों) के लिए ठहराव स्थल घोषित करने हेतु 16 नवम्बर, 2012 को जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की बैठक में लिये गये निर्णय की अनुपालना में दिनांक 24 जनवरी, 2013 को अधिसूचना जारी की गयी थी। वर्तमान में वहां पर एक समय में 2 बसें ही खडी रहती है। यहां यात्रियों व आम सुरक्षा के लिए संबंधित थानाधिकारी को निर्देशित किया जा चुका है। साथ ही उक्त स्थल पर पानी, बिजली व छाया की पर्याप्त व्यवस्था करने हेतु नगर निगम, जोधपुर को आदेशित किया जाना उचित होगा। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से कमला नेहरू महिला महाविद्यालय के सामने बस सैल्टर (जो कि राईकाबाग फुटओवरब्रिज के समीप स्थित है) निजी बसों हेतु ठहराव स्थल के रूप में यथावत् रखने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही उक्त स्थल पर पानी, बिजली व छाया की पर्याप्त व्यवस्था करने हेतु आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को निर्देश प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

प्रकरण बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत हुआ। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उक्त स्थल पर पानी, बिजली व छाया की पर्याप्त व्यवस्था करने हेतु आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को गत बैठक में लिये गये निर्णय की अनुपालना करने हेतु निर्देशित करने का निर्णय लिया।

**प्रस्ताव संख्या 5 :: पाली रोड पर पीली टंकी के पास निजी बसों हेतु ठहराव स्थल घोषित करने के संबंध में।**

गत बैठक दिनांक 17 मई 2016 के प्रस्ताव संख्या 12 मे लिये गये निर्णयानुसार बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया कि वर्तमान में रिक्तिया भैरूजी चौराहे पर मल्टीलेवल ओवरब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा यहां पाली की तरफ जाने वाली निजी बसों का ठहराव होने के कारण यहां यातायात में काफी बाधा उत्पन्न हो रही है तथा हर समय दुर्घटना का भय बना रहता है तथा यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतः उक्त स्थल के स्थान पर निजी बसों हेतु पीली टंकी के पास अस्थायी ठहराव स्थल घोषित किया जाना उचित होगा। जिस पर उपस्थित बस ऑपरेटर्स ने सहमति प्रदान की। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति रिक्तिया भैरूजी चौराहे पर स्थित अस्थायी ठहराव स्थल के स्थान पर पीली टंकी के पास बसों के लिए अस्थायी ठहराव स्थल चिन्हित कर ठहराव स्थल घोषित करने का निर्णय लिया गया। उक्त स्थल पर पानी, बिजली एवं पर्याप्त छाया की व्यवस्था करने हेतु आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को आदेशित करने का निर्णय लिया गया।

प्रकरण बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत हुआ। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उक्त स्थल पर पानी व बिजली की पर्याप्त व्यवस्था करने हेतु आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को गत बैठक में लिये गये निर्णय की अनुपालना करने हेतु निर्देशित करने का निर्णय लिया।

**प्रस्ताव संख्या 6 :: भदवासिया आर.ओ.बी. के नीचे निजी बसों के अस्थायी ठहराव स्थल पर सुविधा विकसित करने के संबंध में।**

गत बैठक दिनांक 17 मई 2016 के प्रस्ताव संख्या 12 मे लिये गये निर्णयानुसार बैठक में अवगत कराया गया कि गत बैठक में लिये गये निर्णयानुसार भदवासिया आर.ओ.बी. के नीचे निजी बसों हेतु अस्थायी ठहराव स्थल घोषित करने का निर्णय लिया गया था जिसके क्रम में निजी बसों ने ठहराव स्थल के रूप में प्रयोग में लेना प्रारम्भ कर बसों का संचालन यही से किया जा रहा है। लेकिन मूलभूत सुविधाओं की कमी होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उक्त स्थल पर सुलभ शौचालय व बिजली की व्यवस्था करने हेतु आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को आदेशित करने का निर्णय लिया गया व पानी की व्यवस्था जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा की जायेगी।

प्रकरण बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत हुआ। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से भदवासिया आर.ओ.बी. व कल्याण सिंह कालवी प्याऊ पर बिजली व पानी की व्यवस्था करने हेतु आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को निर्देशित करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 7 :: भदवासिया आर.ओ.बी. के नीचे निजी बसों के अस्थायी ठहराव स्थल पर सुविधा विकसित करने के संबंध में।**

गत बैठक दिनांक 17 जून 2016 के प्रस्ताव संख्या 12 मे लिये गये निर्णयानुसार बैठक में उपस्थित श्री विकास शर्मा, उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने ऑटो रिक्शा/ सिटी बस स्टेण्डों की समीक्षा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात ने बैठक में अवगत कराया कि कई स्टेण्ड आज ऐसे हैं जिनकी कोई उपयोगिता नहीं है। इसी प्रकार कई नवीन स्थल जैसे कायलाना के पास माचिया सफारी पार्क, भदवासिया फल सब्जी मण्डी के पास, पावटा सी रोड पर रजवाडा मार्बल गौदाम के आगे आरटीओ कार्यालय की तरफ आदि स्थानों पर ऑटो रिक्शा स्टेण्ड अधिसूचित करने की आवश्यकता है। उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात ने यह भी सुझाव दिया कि सिटी

बस/ऑटो रिक्शा स्टेण्ड की अधिसूचना एक ही विभाग से जारी होनी चाहिए ताकि एकरूपता व समानता बनी रहे तथा किसी भी प्रकार की भ्रांति उत्पन्न नहीं हो।

बैठक में इस संबंध में विचार विमर्श कर अधिशाषी अभियन्ता, नगर निगम के नेतृत्व में आगामी 15 दिवस में सिटी बस/ऑटो रिक्शों स्टेण्डों का मौका देखकर रिव्यू करने के संबंध में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। अधिशाषी अभियन्ता के साथ संबंधित यातायात निरीक्षक उपस्थित रहकर मौका निरीक्षण करवायेंगे। उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट को इस संबंध में आदेश जारी करने हेतु बैठक में निर्देश प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात ने बैठक में अवगत कराया कि अधिकांश अधिसूचित सिटी बस/ऑटो रिक्शा स्टेण्ड पर पर अतिक्रमण पाये जाते हैं जिसके कारण अधिसूचित स्टेण्ड का समुचित उपयोग नहीं हो पाता है तथा आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से ऐसे स्टेण्डों को नो–वेडिंग जोन घोषित करने हेतु आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को निवेदन करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में यह भी निर्णय लिया गया कि ऐसे सिटी बस/ऑटो रिक्शा स्टेण्ड की सूची व विवरण उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को जरिये पत्र सूचित किया जावेगा।

प्रकरण बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत हुआ। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को बोर्ड की गत बैठकों में लिये गये निर्णय की अनुपालना शीघ्र ही करने हेतु पुनः निर्देशित करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 8 :: सी.सी. टी.वी. कैमरे लगाने पर चर्चा।**

गत बैठक दिनांक 17 जून 2016 के प्रस्ताव संख्या 12 मे लिये गये निर्णयानुसार बैठक में उपस्थित श्री विकास शर्मा, उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने अवगत कराया कि उनके द्वारा जरिये पत्र क्रमांक य.2 ( ) जोध/ पु.उपा./ याता/ 2016/ 3889 दिनांक 14 जून, 2016 द्वारा कृषि मण्डी के पास सी.सी. टीवी कैमरे लगाने की मांग की है। बैठक में उपस्थित अधिशाषी अभियन्ता–विद्युत श्री भँवरलाल चौधरी ने अवगत कराया कि सीसी टीवी कैमरे लगाने हेतु कार्यादेश जारी कर दिया गया है। आगामी एक दो दिवस में उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात के निर्देशानुसार कैमरे लगाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया जावे। बैठक में अब तक की गयी कार्यवाही पर संतोष व्यक्त करते हुए शीघ्र ही कैमरे लगाने के निर्देश प्रदान किये।

**प्रस्ताव संख्या 9 :: पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाये जाने पर चर्चा।**

गत बैठक दिनांक 17 जून 2016 के प्रस्ताव संख्या 12 मे लिये गये निर्णयानुसार बैठक में उपस्थित श्री विकास शर्मा, उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने अवगत कराया कि उनके द्वारा जरिये पत्र कमांक य.2 ( ) जोध/ पु.उपा./ याता/ 2016/ 3889 दिनांक 14 जून, 2016 के बिन्दु संख्या 3 द्वारा 23 विभिन्न स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने की मांग की है। बैठक में उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात के पत्र दिनांक 14 जून, 2016 पर विचार विमर्श कर फिलहाल तीन मुख्य चौराहे यथा पावटा चौराहा, नई सड़क चौराहा एवं जालोरीगेट चौराहा पर प्रायोगिक तौर पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर द्वारा लगाने का निर्णय लिया गया।

प्रकरण बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत हुआ। बैठक में अवगत कराया गया कि इस संबंध में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। बैठक में इस संबंध में त्वरित गति से कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 10 :: मूत्रालय की व्यवस्था।**

गत बैठक दिनांक 17 जून 2016 के प्रस्ताव संख्या 12 मे लिये गये निर्णयानुसार बैठक में उपस्थित श्री विकास शर्मा, उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर ने अवगत कराया कि उनके द्वारा जरिये पत्र कमांक य.2 ( ) जोध/ पु.उपा./ याता/ 2016/ 3889 दिनांक 14 जून, 2016 के बिन्दु संख्या 13 द्वारा शहर के सभी प्रमुख चौराहें पर मूत्रालय की स्थायी/अस्थायी मूत्रालय की व्यवस्था नगर निगम द्वारा करवाये जाने की मांग की है ताकि इसका उपयोग आमजन व पुलिसकर्मियों द्वारा किया जा सके। बैठक में उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात के पत्र दिनांक 14 जून, 2016 पर विचार विमर्श कर शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर मूत्रालय की स्थायी/अस्थायी व्यवस्था नगर निगम द्वारा करवाये जाने हेतु उपायुक्त–मुख्यालय एवं यातायात द्वारा आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को पत्र लिखे जाने का निर्णय लिया गया।

प्रकरण बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत हुआ। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से इस संबंध में पुनः आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 11 :: हनवन्त स्कूल शास्त्रीनगर के पास स्थित तिराहा पर रोड कट बन्द करवाने के संबंध में।**

स्थानीय नागरिकगणों द्वारा हनवन्त स्कूल शास्त्रीनगर के पास स्थित तिराहा पर रोड कट बन्द करवाने हेतु निवेदन किया है। अतः इस संबंध में विचारार्थ बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत है।

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि प्रायोगिक तौर पर अस्थायी रूप से उक्त कट को बन्द कर दिया जावे।

इसके अतिरिक्त बैठक में निम्नलिखित निर्णय/निर्देश दिये जाने का निर्णय लिया गया:–

1– यातायात पुलिस द्वारा दो कैन की मांग करने पर। बैठक में सुझाव दिया गया कि प्राधिकरण नई दो कैन खरीद कर यातायात पुलिस को दें। कैनों पर होने वाले संचालन व्यय, डीजल ऑयल आदि व वाहन चालक की व्यवस्था यातायात पुलिस द्वारा की जावे। इस पर दो कैन प्राधिकरण द्वारा वित्तीय संसाधन की उपलब्धता के दृष्टिगत प्राधिकरण कोष से खरीद कर यातायात पुलिस को स्थायी रूप से देने का निर्णय लिया गया।

2– बैठक में यातायात पुलिस द्वारा अवगत कराया गया कि मथुरादास माथुर अस्पताल, कलक्टर कार्यालय, रिक्तिया भैरूजी से गंदा नाला भगत की कोठी, नेहरू पार्क, बनाड रोड गणेश होटल के पास व पुलिस लाईन आदि क्षेत्रों में बरसात का पानी बहुत ज्यादा एकत्रित होता है जिसके कारण यातायात प्रभावित होता है। बैठक में इस संबंध में संबंधित विभागों को इस संबंध में स्थायी समाधान करने हेतु निर्देशित करने का निर्णय लिया गया।

3— बैठक में यातायात पुलिस द्वारा अवगत कराया गया कि शहर के लगभग सभी चौराहों पर अतिक्रमण है, जिसके कारण यातायात प्रभावित होता है। इस संबंध में बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से नगर निगम क्षेत्र में ऐसे चौराहों पर अतिक्रमण हटाकर नो—वेडिंग जोन घोषित करने हेतु आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर को निर्देशित करने का निर्णय लिया गया।

4— बैठक में यातायात पुलिस द्वारा यातायात शिक्षा के वैन उपलब्ध कराने की मांग पर बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर दानदाताओं को प्रेरित कर एक वैन यातायात शिक्षा के लिए यातायात पुलिस को भेंटस्वरूप दिलाने की कार्यवाही करें।

5— बैठक में यातायात पुलिस द्वारा अवगत कराया गया कि शहर की अधिकांश सडकों पर वर्षा व अन्य कारणों से काफी खड्डे हो गये है। इस पर बैठक में सर्व सम्मति से संबंधित सभी विभागों को अपने अपने क्षेत्राधिकार में आने वाली सडकों का सर्वे कर आवश्यकतानुसार तुरन्त खड्डे भरने/कारपेट करने अथवा नवीन सडक निर्माण करने की कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।

6— बैठक के दौरान महापौर महोदय ने दूरभाष पर सूचित किया कि पीएण्डटी चौराहा से एमडीएम जाने वाली सडक पर कट नहीं होने से अधिकांश चालक गलत दिशा में चलते है। अतः रोड कट लगाया जावे। इस संबंध में बैठक विचार विमर्श कर सर्व सम्मति से इस हेतु गठित समिति को मौका निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

तत्पश्चात् बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(अरूण पुरोहित)
सचिव

क्रमांक/टीसीबी/2016/218 to 246 दिनांक :: 02 अगस्त 2016

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :—

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान, जयपुर
2. महापौर महोदय, नगर निगम, जोधपुर
3. अध्यक्ष महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
4. जिला मजिस्ट्रेट, जोधपुर
5. पुलिस उपायुक्त—पूर्व/पश्चिम/मुख्यालय एवं यातायात/पुलिस अधीक्षक—ग्रामीण, जोधपुर
6. आयुक्त महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
7. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, जोधपुर
8. महाप्रबन्धक (प्रचालन), राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जोधपुर
9. अपर मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, जोधपुर
10. अपर मुख्य अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जोधपुर
11. अपर मुख्य अभियन्ता, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर
12. प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर
13. कमाण्डर 45, सीमा सडक कृतिक बल, जालम विलास, जोधपुर
14. निदेशक—अभियांत्रिक/आयोजना/वित्त/विधि, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
15. उपायुक्त—पूर्व/पश्चिम/उत्तर/दक्षिण, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
16. अधीक्षण अभियन्ता—प्रथम/द्वितीय/तृतीय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
17. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
18. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक), जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर को कार्यवाही

विवरण का अंकन वेब–साईट पर करने तथा संबंधित अधिकारियों को जरिये ई–मेल प्रेषित करने हेतु प्रेषित है।

19. ....................................................................................................

(अरुण पुरोहित)
सचिव

परिशिष्ट–1

**दिनांक 29 जुलाई, 2016 को अपरान्ह 3.00 बजे श्री कैलाशचन्द्र मीना, आई.एएस. जोधपुर विकास आयुक्त एवं अध्यक्ष, जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की अध्यक्षता में आयोजित जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की बैठक में उपस्थित अधिकारियों का विवरण**

| क्र.सं. | नाम अधिकारी मय पदनाम व विभाग |
|---|---|
| 1. | श्री विकास शर्मा, उपायुक्त पुलिस (मुख्यालय एवं यातायात) जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर |
| 2. | श्री अर्जुनसिंह राठौड, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर |
| 3. | श्री बुगलाल मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस (यातायात), जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर |
| 4. | श्री एम.एस. चारण, अधिशाषी अभियन्ता, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर |
| 5. | श्री नरेन्द्रसिंह राठौड, प्रबन्धक यातायात, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड, जोधपुर |
| 6. | श्री अतुल बल रत्नू, निदेशक–वित्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 7. | श्री मानाराम पटेल, उपायुक्त–उत्तर, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 8. | श्री मोहनसिंह राजपुरोहित, उपायुक्त–दक्षिण, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 9. | श्री विरेन्द्रसिंह चौधरी, उपायुक्त–पश्चिम, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 10. | श्री सुधीर माथुर, अधिशाषी अभियन्ता, नगर निगम, जोधपुर |
| 11. | श्री रघुनाथ गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जोधपुर विकास प्राधिकरा, जोधपुर |
| 12. | श्री अरूण पुरोहित, सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |